प्रेस नोट थाना कलान
जनपद शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य दिनांक 14.03.2026

"थाना कलान पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत ट्रक चोरी से संबंधित अभियोग में प्रकाश में आए 01 नफर अभियुक्त को ट्रक की बैटरी सहित किया गया गिरफ्तार"

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी जलालाबाद महोदय के कुशल पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान अपराध की रोकथाम एवं एवं गिरफ्तारी वाँछित अभियुक्त/वारंटी के क्रम में तथा प्रभारी निरीक्षक कलान के नेतृत्व में थाना कलान पुलिस को बडी सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 09.11.2025 को वादी मुकदमा श्री प्रदीप कुमार पुत्र रघुवरदयाल शर्मा निवासी मोहल्ला रामलीला ग्राउन्ड़ कस्बा व थाना कलान जनपद शाहजहाँपुर द्वारा थाना कलान पर दिए गए प्रार्थना पत्र बावत अभियुक्त रमेश राजपूत निवासी मो0 बिजली घर कस्बा व थाना कलान जिला शाहजहाँपुर द्वारा वादी के ट्रक सं0 UP24T6431 को क्रेन से बांधकर भेज देने/चोरी कर लेने के सम्बन्ध मे मु0अ0सं0 360/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। उक्त चोरी गये ट्रक को पूर्व में ही अकबराबाद (अलीगढ) पुल के नीचे से बरामद कर वाहन स्वामी को सुपुर्द किया गया था। दौराने विवेचनात्मक कार्यवाही अभियुक्तगण अभिषेक चौधरी पुत्र स्व अमरसिंह चौधरी नि0 ग्राम हिसावदा थाना सिंघावली अहीर जिला बागपत व सुमित यादव पुत्र स्व सिंहराम यादव नि0 सेक्शन 01 मकान नं0 813 माधवपुरम थाना व्रहमपुरी जिला मेरठ का नाम प्रकाश में आया तथा नामजद रमेश राजपूत उपरोक्त का नाम विवेचना से पृथक किया गया। मुकदमा उपरोक्त मे प्रकाश में आए वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे थे।

इसी क्रम मे आज दिनांक 14.03.2026 को थाना कलान पुलिस द्वारा चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति,वाहन के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना पर प्रकाश मे आये अभियुक्त अभिषेक चौधरी पुत्र स्व अमरसिंह चौधरी उम्र करीब 36 वर्ष उपरोक्त को चोरी गये ट्रक से सम्बन्धित एक अदद बैट्री के साथ समय 10.57 बजे ग्राम नानकपुर जाने वाले रास्ते पर करीब 100 कदम की दूरी पर गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार शुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

अभिषेक चौधरी पुत्र स्व अमरसिंह चौधरी नि0 ग्राम हिसावदा थाना सिंघावली अहीर जिला बागपत

पंजीकृत अभियोग का विवरणः—

मु0अ0सं0 360/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना कलान जनपद शाहजहाँपुर

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समयः-

ग्राम नानकपुर जाने वाले रास्ते पर थाना क्षेत्र कलान, 14.03.2026, समय 10.57 बजे

बरामदगी का विवरणः-

एक अदद बैट्री

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण –

उ0नि0 यशपाल सिंह थाना कलान जनपद शाहजहाँपुर
उ0नि0 सचिन कुमार थाना कलान जनपद शाहजहाँपुर
का0 2003 वसु आर्य थाना कलान जनपद शाहजहाँपुर